# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–24.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज कई दिग्गज प्रत्याशियों के नामांकन करने का सिलसिला जारी है। आज रांची विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह और झामुमो उम्मीदवार महुआ माजी ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी नवीन जायसवाल ने हटिया सीट से और इसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव ने भी परचा दाखिल किया। गिरिडीह जिले की गांडेय विधान सभा सीट से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन, लोहरदगा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव ने नामांकन किया। वहीं दूसरे चरण के लिए भी प्रत्याशी नामांकन कर रहे हैं। इस चरण के लिए 29 अक्टूबर तक पर्चा भरा जा सकता है।

*****************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से आज विधानसभा चुनाव के सिलसिले में अंशकालिक संवाददाताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। रांची स्थित सूचना भवन के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। डाक्टर अरोड़ा ने सी–विजिल और वोटर हेल्पलाइ एप समेत अन्य चुनावी प्रक्रिया की जानकारी साझा की।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो ने तीसरी सूची भी जारी कर दी है। इसमें पांच उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गयी है। इनमें लोकसभा चुनाव में पार्टी के बागी रहे चमरा लिंडा को बिशुनपुर से टिकट दिया गया है। जिगा होरो को सिसई से, चक्रधरपुर से सुखराम उरांव को तो खूंटी से स्नेहलता कंडूलना को टिकट दिया गया है, जबकि गोमिया से योगेंद्र प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है।

*****************

साहिबगंज जिले के राजमहल विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव के घर पर ईडी ने छापेमारी की है। ईडी की टीम उनके भाई दाहू यादव की तलाश में कर रही थी। हालांकि ईडी को सुनील यादव के घर पर दाहू यादव नहीं मिला। दाहू यादव करीब एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले का आरोपी है। इधर, रांची में अधिवक्ता सुजीत कुमार के रातू रोड स्थित आवास पर ईडी ने छापेमारी की। पुलिस की मौजूदगी में ईडी की टीम ने घर का ताला तोड़ा और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। अधिवक्ता सुजीत कुमार पर आरोप है कि उन्होंने ईडी के नाम पर जमीन से जुड़े मामलों में 5 से 7 करोड़ रुपये की अवैध वसूली की है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नंबर 1 8 0 0 1 1 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है।

*****************

पलामू जिले के मनातू प्रखंड के उरुर जंगल के पास एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार लोग बिहार के गया से पलामू के लेस्लीगंज बारात जा रहे थे। इसी कम में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

*****************

बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात का असर राज्य में दिखायी पड़ने लगा है। रांची समेत कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश हो रही है। कुछ हिस्सों में तेज हवा भी चल रही है। मौसम विभाग ने आज और कल कोल्हान क्षेत्र, खूंटी, रांची, बोकारो और धनबाद समेत कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि दाना चक्रवात ओड़िशा और बंगाल के तट से टकरायेगा, जिसका व्यापक असर झारखंड के कई इलाकों में देखने को मिलेगा।

****************